

"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली की दिनांक 19.06.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमे निम्न अधिकारियो एवं फर्म के प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी रायबरेली। | – | अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी | – | सदस्य |
| 3. | जिला विकास अधिकारी | – | सदस्य |
| 4. | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | – | सदस्य |
| 5. | जिला पंचायत राज अधिकारी | – | सदस्य |
| 6. | जिला कृषि अधिकारी | – | सदस्य |
| 7. | जिला मुख्य चिकित्साधिकारी | – | सदस्य |
| 8 | अधि0अभि0, (वि0/यॉ), जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ | – | सदस्य |
| 9. | परियोजना प्रबंधक, मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद | – | कार्यदायी संस्था |
| 10. | परियोजना प्रबंधक, मेसर्स वी0टी0एल0 लि0, नोएडा | – | कार्यदायी संस्था |
| 11 | जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, रायबरेली | – | अनुश्रवण इकाई। |
| 12 | उप परियोजना प्रबंधक, मेसर्स सेन्सिस टेक, रायबरेली | – | टी0पी0आई0ए0। |
| 13 | अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली | – | सदस्य सचिव |

Scanned with OKEN Scanner

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–

1– भूमि की स्थिति :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० लि० को 434 नग पेयजल योजनाओ के 440 ग्राम पंचायतों के 675 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 438 ग्राम पंचायतो मे जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 02 नग ग्राम पंचायतो में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा 30 पेयजल योजनाओं पर भूमि प्राप्त होने के उपरान्त नलकूप फेल है। उक्त योजनाओं पर अन्यत्र भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है एवं मे० वी0टी0एल0 को 213 नग पेयजल योजनाओं के 232 नग ग्राम पंचायत, 361 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 230 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 02 नग ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष हैएवं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं हेतु 240 नग ग्राम पंचायत, 432 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 236 ग्राम पंचायतों मे जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 04 पेयजल योजनाओ पर भूमि प्राप्त होने के उपरान्त नलकूप फेल है। उक्त योजनाओं पर अन्यत्र भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है जिस क्रम मे अध्यक्ष महोदया द्वारा जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के पेयजल परिसर हेतु भूमि चिन्हांकन कराना शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करे। जिससे जल जीवन मिशन के कार्यो ससमय पूर्ण कराया जा सके। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित तहसीलदार/उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष भूमि का चिन्हाकन एवं पुर्नग्रहण कराना सुनिश्चित करे। जिससे भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यो को ससमय पूर्ण कर लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जा सके।

2. कार्य की प्रगति समीक्षा :–

I- फेज–2 मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० को 440 ग्राम पचायत, 675 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | सख्या | 444 | 410 | 34 | 01 योजना (सलोन देहात–02 बोरवेल) नगर पंचायत के अंतर्गत तथा 02 योजनाए (परहरी एवं जगतपुर) पर 02 नलकूप भूमि उपलब्ध न होने के कारण प्रभावित है। 14 योजनाओं में खारे पानी के कारण दूसरी भूमि की आवश्यकता है। 16 योजनाओं में पर्याप्त भू–स्तर (स्ट्राटा) न मिलने के कारण दूसरी भूमि की आवश्यकता है। 03 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | बोरवेल का कार्य प्रगति पर है। |
| 02 | पम्प हाउस | संख्या | 444 | 388 | 56 | भूमि उपलब्ध न होने के कारण 33 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। 06 कार्य प्रगति पर |
| 03 | बाउण्ड्रीवॉल | संख्या | 444 | 389 | 55 | बोरवेल समस्या होने के कारण 33 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। 11 कार्य प्रगति पर है। |
| 04 | शिरोपरि जलाशय पूर्णतया पूर्ण | संख्या | 438 | 240 | 194 | 0-25%- 04<br>26-50%- 46<br>51- 75% - 82<br>76 - 99% - 61<br>100%- 240<br>33 योजनाओ मे बोरवेल समस्या के कारण योजना पर कार्य प्रारम्भ नही कराया गया है। |
| 05 | सोलर | संख्या | 444 | 388 | 56 | 17 कार्य प्रगति पर , 06 अनारम्भ, 33 योजनाओ में बोरवेल समस्या होने के कारण सोलर स्थापना की योजना नही बनाई गयी है। |
| 06 | गृह नल संयोजन | संख्या | 216764 | 211092 | 5672 | बोरवेल समस्या होने के कारण 5672 कनेक्शन लंबित है। |
| 07 | वितरण प्रणाली | कि0मी0 | 6199.07 | 5788.00 | 411.07 | 33 योजनाओं में बोरवेल समस्या के कारण 282 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य लंबित है तथा विभिन्न विभागों से एन0ओ0सी0 लंबित/प्रक्रियाधीन होने के कारण 32 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य लंबित है। |
| 08 | रोड पुर्नस्थापन | कि0मी0 | 1839.08 | 1808.34 | 30.74 | अब तक 30.74 कि0मी0 कार्य मोटरेबल अवस्था में पूर्ण किया जा चुका है। |
| 09 | नियमित जलापूर्ति | राजस्व ग्राम | 674 | 553 | 121 | 33 पेयजल योजनाओ से सम्मिलित 60 ग्रामो मे बोरवेल फेल |
| 09 | सचालन एव अनुरक्षण | योजना | 434 | 143 | 291 | 143 पेयजल योजनाओ पर ट्रॉयल एण्ड रन का कार्य प्रगति पर एवं 33 पेयजल योजनाओं मे बोरवेल समस्या होने के कारण 60 राजस्व ग्राम प्रभावित है। |

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय तथा सोलर प्लान्ट की प्रगति पर सुधार की आवश्यकता है एव 76–99 प्रतिशत शिरोपरि जलाशय को शत्–प्रतिशत पूर्ण करना तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोडी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करे जिससे आमजनमानस को आवागमन मे कठिनाईयो का सामना न करना पड़े तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओ को सचालन एव अनुरक्षण मे शीध्रातिशीध्र सम्मिलित करे। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि परियोजना के अंतर्गत

Scanned with OKEN Scanner

नियमित जलापूर्ति कराते हुए जल परीक्षण कराते रहे जिससे समस्त ग्रामों मे ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत नियमित जलापूर्ति कराते हुए जल परीक्षण कराते रहे जिससे आमजनमानस को जल जनित रोग से बचाया जा सके। समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को प्रत्येक घटक पर मैनपॉवर व मशीनरी उपलब्ध कराते हुए साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराना सुनिश्चित करे। जिससे जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को ससमय पूर्ण किया जा सकें।

II- फेज–3 मे० वी०टी०एल०, नोएडा–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० वी०टी०एल० लि० को 242 ग्राम पंचायत, 361 राजस्व ग्रामो को पेयजल योजनाओ के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र०सं० | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 239 | 234 | 5 | 02 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, 03 नलकूप फेल होने के उपरान्त प्राप्त एवं विवादित भूमि |
| 02 | पम्प हाउस | संख्या | 239 | 232 | 7 | 02 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, 03 नलकूप फेल होने के उपरान्त प्राप्त एवं विवादित भूमि |
| 03 | बाउण्ड्रीवॉल | संख्या | 239 | 232 | 7 | 02 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, 03 नलकूप फेल होने के उपरान्त प्राप्त एवं विवादित भूमि |
| 04 | शिरोपरि जलाशय पूर्णतया पूर्ण | संख्या | 216 | 75 | 141 | 0-25%- 04<br>26-50%-10<br>51- 75% - 51<br>76 - 99% - 73<br>100%- 75<br>02 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, 03 नलकूप फेल होने के उपरान्त प्राप्त एवं विवादित भूमि |
| 05 | सोलर | संख्या | 239 | 231 | 8 | – |
| 06 | गृह नल संयोजन | संख्या | 102644 | 96995 | 5649 | 05 पेयजल योजनाओ मे 1432 गृह नल संयोजन प्रभावित |
| 07 | वितरण प्रणाली | कि०मी० | 3428.00 | 3347.00 | 81 | – |
| 08 | रोड पुर्नस्थापन | कि०मी० | 851.00 | 806.00 | 45 | शेष मोटरेबल |
| 09 | नियमित जलापूर्ति | राजस्व ग्राम | 361 | 257 | 104 | – |
| 09 | सचालन एवं अनुरक्षण | योजना | 212 | 49 | 163 | – |

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत समिति द्वारा शिरोपरि जलाशय की प्रगति पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया तथा सख्त निर्देश दिये गये कि शिरोपरि जलाशय पर अलग से कार्य योजना एवं मैनपॉवर लगाते हुए 76–99

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिशत की शिरोपरि जलाशय को 01 माह के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोडी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयो का सामना न करना पड़े तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में शीघ्रातिशीघ्र सम्मिलित करे। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि परियोजना के अंतर्गत समस्त ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत नियमित जलापूर्ति कराते हुए जल परीक्षण कराते रहे जिससे आमजनमानस को जल जनित रोग से बचाया जा सकें। समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को प्रत्येक घटक पर मैनपॉवर व मशीनरी उपलब्ध कराते हुए साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिससे जल जीवन मिशन के लक्ष्यो को ससमय पूर्ण किया जा सकें।

III- उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली की प्रगति का विवरण:–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को 240 ग्राम पंचायत, 425 राजस्व ग्रामो को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 273 | 191 | 82 | 03 ग्राम पंचायतों मे भूमि अप्राप्त, 01 ग्राम पंचायत में नलकूप फेल |
| 02 | पम्प हाउस | संख्या | 273 | 135 | 138 | 62 नग पर कार्य प्रगति पर, 54 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 03 | शिरोपरि जलाशय | संख्या | 212 | 68 | 144 | 0-25%- 50<br>26-50%- 17<br>51- 75% - 52<br>76 - 99% - 25<br>100% - 68 |
| 04 | सोलर | संख्या | 243 | 44 | 199 | 129 नग पर सामग्री की आपूर्ति कर ली गयी है, 82 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 05 | वितरण प्रणाली | कि0मी0 | 2944 | 2382.94 | 561.06 | शेष पर कार्य प्रगति पर |
| 06 | गृह नल संयोजन | संख्या | 123090 | 104370 | 18713 | 81 राजस्व ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ, 54 राजस्व ग्रामों में हर घर जल, 22 राजस्व ग्रामो मे हर घर जल प्रमाणित |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को 44 पुर्नगठन पेयजल योजना आवटित है, जिसमे 23 पैकेज को 16 वेण्डरो को आवटित है। 44 पेयजल योजनाओ पर विगत लगभग 01 वर्ष से अधिक भुगतान न होने के कारण कार्य प्रभावित है। जिस हेतु मुख्यालय स्तर को भुगतान कराने हेतु आग्रह किया गया है। जिस पर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को आवटित समस्त पेयजल योजनाओ पर मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए नल कनेक्शन, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली तथा सोलर पर सामान्तर साप्ताहिक कार्य योजना बनाते हुए कार्य

Scanned with OKEN Scanner

कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जा सके तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन मे कठिनाईयो का सामना न करना पड़े।

3. संचालन एवं अनुरक्षण के अंतर्गत पुरानी योजनाओं की प्रगतिः—

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 43 पेयजल योजनाएं जो ग्राम पंचायत को हस्तांतरित थी जिसमे 100 ग्राम सम्मिलित है। उक्त योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण नीति–2024 के अंतर्गत 10 वर्ष की अवधि हेतु सफल संचालन एवं अनुरक्षण हेतु चयनित किया गया है। जिसकी कार्यदायी संस्था मेसर्स ओम इंफ्रा प्रा0 लि0 है। वर्तमान मे 23 पेयजल योजनाओं पर आंशिक जलापूर्ति की जा रही है एवं 20 पेयजल योजनाएं वर्तमान में बंद है। 02 नयी पेयजल योजनाएं प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 45 पेयजल योजनाओ पर मरम्मत का कार्य (पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, पेयजल पाइपलाइन, गृह नल संयोजन इत्यादि) कराया जाना प्रस्तावित है। समस्त 45 पेयजल योजनाओ के डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृत हेतु जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय को प्रेषित किया जा चुका है। जिसके सापेक्ष 10 पेयजल योजनाओ पर विगत माह स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिन पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त पेयजल योजनाओं पर मरम्मत का कार्य कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे।

4. विभिन्न विभागों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्थितिः—

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि रायबरेली रिंग रोड के निर्माण कार्य के दौरान 17 पेयजल योजनाओं पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त किया गया है, गंगा एक्सप्रेसवे के अंतर्गत 06 पेयजल योजनाओं हेतु 05 विभिन्न जगहों पर पाइपलाइन क्रांसिग तथा 01 जगह पर 400 मीटर रोड के सामान्तर पेयजल पाइपलाइन बिछाये जाने की आवश्यकता है। जिस पर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि रिंग रोड की कार्यदायी संस्था यू0पी0डा0, पी0आई0यू0, गोरखपुर एवं गंगा एक्सप्रेसवे की कार्यदायी संस्था यू0पी0डा0, पी0आई0यू0, प्रयागराज को अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित करें। जिससे भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यो को ससमय पूर्ण कर लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जा सके।

**(कार्यवाही मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद/ मे०विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०–गाजा इंजीनियरिंग प्रा०लि०जे०वी०, नोएडा/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स ओम इंफा प्रा0 लि0)**

अंत मे उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियो को धन्यवाद यापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

Digitally signed by
SARNEET KAUR BROCA
Date: 20-07-2026
11:33:49
जिलाधिकारी
रायबरेली।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय जिलाधिकारी रायबरेली।

पत्रांक : 1615 / m-15 / 15 दिनांक : 25/7/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
7. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
10. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
11. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०– गाजा इंजी० प्रा०लि० जे०वी०, नोएडा।
12. टीम लीडर, मेसर्स सेन्सिस टेक लिमिटेड, रायबरेली।
13. जिला समन्वयक, मे० आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली (डी०पी०एम०यू०)।

जिलाधिकारी
रायबरेली।

Scanned with OKEN Scanner